# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस, ध्वजारोहण संग बही देश भक्ति की बयार

**दैनिक प्राईम संदेश कुणाल दशोरे**
**नेपानगर(मोहम्मद इकबाल)**



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के तत्वावधान में 75 वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शुक्रवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया सुबह 9 बजे नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया राष्ट्रगान हुआ मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली नगर के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति और सामाजिक सरोकार पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई अपने उद्बोधन में सीएमडी देब द्वारा स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व हमें भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है।

देश के विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता हैं। हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में नेपा लिमिटेड द्वारा अपनी लक्ष्य उत्पादन क्षमता 1,00,000 टन प्रति वर्ष को प्राप्त करने का विश्वास भी व्यक्त किया अपने उद्बोधन में उन्होंने नेपानगर के स्कूली बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक समय का सदुपयोग कर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ योजना में अधिक से अधिक लोगों को अपनी बेटियों की रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा और सुखद भविष्य हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आह्वान किया साथ ही  बेटो के साथ अपनी बेटियों को समान रूप से महत्व और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता की बात कही। नेपा लिमिटेड में समय समय पर मार्गदर्शन और सहयोग हेतु केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्रीगण, अधिकारीगण साथ ही लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर की विधायक मंजू दादू के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में नेपा लिमिटेड के विभिन्न विभागों में कार्यरत 22 कर्मचारियों अधिकारियों को उनके कार्य निषादन के आधार पर मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले तथा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# नेपानगर में अधिकारियों और कर्मचारियों का हुआ सम्मान

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018



परेड का निरीक्षण करने के बाद स्काउट गाइड छात्र से चर्चा करते सीएमडी। ● नईदुनिया

नेपानगर। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। सुबह नौ बजे सीएमडी सौरभ देब ने ध्वज फहराया किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। सीएमडी ने कंपनी के कर्मचारियों व सिटीजन स्कूल के स्काउट गाइड द्वारा निकाली गई परेड की सलामी ली। विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सामाजिक सरोकार पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

# ठाकुर वीरेंद्रसिंह मेमोरियल स्कूल ने गणतंत्र दिवस समारोह में नेपालिमिटेड के सीएमडी को दिया ट्रिब्यूट, नेपामिल के इतिहास बता कर नगर की जनता को किया भावुक



जिल ब्यूरो राजेन्द्र मसाने।

बुरहानपुर - बुरहानपुर जिले के नेपानगर में गणतंत्र दिवस समारोह नगर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया इस दौरान नेपा लिमिटेड सीएमडी सौरभ देव ने झंडा फहराया इसके पश्चात नगर की स्कूलों द्वारा अतिथियों के समक्ष देश भक्ति गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई सबसे अधिक रोचक प्रस्तुति ठाकुर वीरेंद्र सिंह मेमोरियल स्कूल की रही स्कूल के छात्र छात्राओं ने नेपा लिमिटेड के इतिहास की कहानी अपनी प्रस्तुति में दिखाई जिसमे कागज कारखाने के उद्घाटन में पधारे पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान में महेंद्र पांडे द्वारा पुनरुद्धार कार्यक्रम उद्घाटन के साथ साथ नेपा लिमिटेड को अपने हाथों में लेकर सुचारू रूप से चलाने वाले सीएमडी सौरभ देव तक की कहानी को प्रदर्शित किया गया इस दौरान नेपा लिमिटेड में कार्य करने वाले पूर्व कर्मचारियों की आंखे भी नम दिखाई दी मानो जनता अपने इतिहास को पुनः अपने आखों के सामने देख रही हो।

## नेपा मिल की कहानी देश भावुक हुए सीएमडी सौरभ देव।

नेहरू स्टेडियम में ठाकुर वीरेंद्र सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चो द्वारा नेपा लिमिटेड के इतिहास को अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखाया गया जिसे देख सीएमडी सौरभ देव भावुक हो उठे और और तालिया बजा रही जनता के बीच अभिवादन स्वीकार करने चल पड़े उन्होंने ग्राउंड में घूम कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया इस दौरान उनकी आंखे छलक पड़ी कार्यक्रम के अंत में सभी स्कूलों को प्रोत्साहन राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम स्थान ठाकुर वीरेंद्र सिंह मेमोरियल स्कूल द्वितीय संट जेवियर्स कार्वेट स्कूल तृतीय स्थान सिटीजन हायर सेकंडरी स्कूल का रहा। ठाकुर वीरेंद्र सिंह मेमोरियल स्कूल के आदित्य ठाकुर व घीसूलाल जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्र छात्राओं की मेहनत की सराहना कर हर्ष व्यक्त किया।

# 75 वां गणतंत्र दिवस,विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी

**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के तत्वावधान में 75 वे गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह शुक्रवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। नगर के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति और सामाजिक सरोकार पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। अपने उद्बोधन में सीएमडी देब द्वारा स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुएं कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व हमें भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। देश के विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता हैं। हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में नेपा लिमिटेड द्वारा अपनी लक्ष्य उत्पादन क्षमता 1,00,000 टन प्रति वर्ष को प्राप्त करने का विश्वास भी व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने नेपानगर के स्कूली बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक समय का सदुपयोग कर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही 卐बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ  योजना में अधिक से अधिक लोगों को अपनी बेटियों की रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा और सुखद भविष्य हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आव्हान किया साथ ही, बेटो के साथ अपनी बेटियों को समान रूप से महत्व और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता की बात कही। नेपा लिमिटेड में समय समय पर मार्गदर्शन और सहयोग हेतु केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्रीगण, अधिकारीगण साथ ही लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर की विधायक मंजू दादू के प्रति आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में नेपा लिमिटेड के विभिन्न विभागों में कार्यरत 22 कर्मचारियों अधिकारियों को उनके कार्य निषादन के आधार पर मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले तथा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।



# गणतंत्र दिवस हमें संविधान के प्रति समर्पित करता है: सीएमडी

**नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के तत्वावधान में 75 वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह को पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया।

सुबह 9 बजे नेपा लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। नगर के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति और सामाजिक सरोकार पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में सीएमडी देब द्वारा स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुएं कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व हमें भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। देश के विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता है इसके लिए हम सभी को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता हैं। हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में नेपा लिमिटेड द्वारा अपनी लक्ष्य उत्पादन क्षमता 1,00,000 टन प्रति वर्ष को प्राप्त करने का विश्वास भी व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने नेपानगर के स्कूली बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक समय का सदुपयोग कर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की।

उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में अधिक से अधिक लोगों को अपनी बेटियों की रक्षाए सुरक्षा, शिक्षा और सुखद भविष्य हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आव्हान किया साथ ही, बेटो के साथ अपनी बेटियों को समान रूप से महत्व और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता की बात कही। नेपा लिमिटेड में समय समय पर मार्गदर्शन और सहयोग हेतु केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्रीगण, अधिकारीगण साथ ही लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर की विधायक मंजू दादू के प्रति आभार व्यक्त किया।



**निरीक्षण करते हुए।**

इस कार्यक्रम में नेपा लिमिटेड के विभिन्न विभागों में कार्यरत 22 कर्मचारियों अधिकारियों को उनके कार्य निषादन के आधार पर मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले तथा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

पत्रिका

### नेपा मिल के सीएमडी बोले

# उत्पादन क्षमता 1 लाख टन प्रति वर्ष करने का लक्ष्य



**बेटियां रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की करें, नेहरू स्टेडियम ग्राउड पर आयोजित हुआ गणतंत्र दिवस समारोह**

**नेपानगर..** स्थानीय नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देब ने ध्वजारोह किया। समारोह को संबोधित करते हुए सीएमडी ने कहा गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व हमें भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। देश के विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में नेपा लिमिटेड द्वारा अपनी लक्ष्य उत्पादन क्षमता 1 लाख टन प्रति वर्ष को प्राप्त करने का विश्वास भी व्यक्त किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना में अधिक से अधिक लोगों को अपनी बेटियों की रक्षाए सुरक्षा, शिक्षा और सुखद भविष्य के लिए सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आव्हान किया ।

नेपा लिमिटेड में समय समय पर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्रीगण, अधिकारीगण साथ ही लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर की विधायक मंजू दादू के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नेपा लिमिटेड के विभिन्न विभागों में कार्यरत 22 कर्मचारियों अधिकारियों को उनके कार्य निषादन के आधार पर मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले व दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

## यहा भी हुए आयोजन

सारोला स्थित लक्ड़वाला पब्लिक स्कूल, न्यू सरस्वती स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। राम, सीता, लक्ष्मण बनकर राम आएंगे नाट्य की प्रस्तुति दी। इधर किसानों को ड्रोन का प्रशिक्षण देने वाले ग्राम पंचायत हैदरपुर के ड्रोन पायलट तुषार नारखेड़े को बुरहानपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर भव्या मित्तल ने सम्मानित किया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रर्दशनी में बनाए चार्ट शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराडा में पर्यावरण, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान की प्रदर्शनी में सुंदर चार्ट बनाए गए।